दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। यह दिन सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर नई दिल्ली में वाजपेयी जी की समाधि स्थल सदैव अटल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————————

सुशासन दिवस के अवसर पर पटना के पाटलिपुत्रा पार्क में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। जहां राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राज्य सरकार के मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन समेत अनेक गणमान्य लोगों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में आयोजित विशेष कार्यक्रम में नीति आयोग के पूर्व कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने अपना व्याख्यान दिया। विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बिहार के नये राज्यपाल होंगे। वे बिहार के बयालीसवें राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार समेत पांच राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

———————————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम के बेलाढ़ी में बाल सुधार गृह से फरार सभी आठ बच्चों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि जिले के बाल गृह से फरार होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दरीगांव थाना क्षेत्र के सिकरिया और मालव से इन बच्चों को बरामद किया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले जांच की जा रही है।

———————————————————————————————

क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर लोग एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई दे रहे हैं। क्रिसमस को लेकर राजधानी पटना समेत विभिन्न जिलों में गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विभिन्न स्थानों पर करोल गायन का भी आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————————

राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल छाये हुए हैं। इसके साथ ही दिन के तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद बक्सर, भोजपुर, रोहतास और भभुआ समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान चार लाख बयासी हजार रूपये से अधिक की जुर्माना राशि वसूल की गयी।

———————————————————————————————

जमुई जिले के चकाई प्रखंड अंतर्गत सरौन पंचायत के चरघरा गांव में अगलगी की घटना में चार लोग बुरी तरह झुलस गए। बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीकेज से यह दुर्घटना हुई है।

———————————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान गन्ना के समर्थन मूल्य में दस रूपये की बढ़ोतरी के निर्देश दिये थे। इससे पश्चिम चंपारण जिले के किसान उत्साहित हैं। गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री का धन्यावद किया है।

———————————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।